आई टी एल पब्लिक स्कूल
अपठित गद्यांश अभ्यास
हिंदी

दिनांक ः **2025** कक्षाः तृतीय ___
नाम अनुक्रमांक

| | | |
|---|---|---|
| | भाग- क | |
| प्रश्न 1 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।<br>एक बार एक कौए और हंस में बहुत अच्छी दोस्ती हो गई। दोनों एक दूसरे से बहुत अलग थे। हंस सबकी मदद करता था लेकिन कौए को दूसरों को तंग करने में बड़ा मज़ा आता था। एक दिन दोनों पेड़ पर बैठ कर बातें कर रहे थे तभी एक आदमी आराम करने के लिए उस पेड़ के नीचे बैठ गया। थोड़ी देर में उसे नींद आ गई। हंस ने देखा कि उस आदमी पर तेज़ धूप पड़ रही थी, इसलिए उसने अपने पंख फैलाकर उस पर छाया कर दी। कौए को हंस की यह बात अच्छी नहीं लगी और उसने उस आदमी पर ढेर सारा कूड़ा गिरा दिया और उड़ गया।<br>क ) किनमें बहुत अच्छी दोस्ती हो गई ?<br>______________________________<br>______________________________<br>ख) कौन सबकी मदद करता था?<br>______________________________<br>______________________________<br>ग) हंस ने आदमी की मदद कैसे की ?<br>______________________________<br>______________________________<br>______________________________<br>**घ)** निम्न शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखें।<br>रात ________ बुरी ________ | |

| प्रश्न 2 | दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । | |
|---|---|---|
| | जंगल में चिड़ियों का एक परिवार रहता था। उनमें से एक सुनहरी चिड़िया भी थी। वह मीठे गीत गाया करती थी। जब वह गाना गाती तो उसकी चोंच से चमकदार मोती गिरते थे। एक दिन एक शिकारी जंगल में शिकार करने आया। उसने गीत गाती चिड़िया को देखा और मोती पाने के लालच में उसे पकड़ लिया। घर आकर उसे एक पिंजरे में बंद कर दिया। वह पिंजरे में बहुत उदास रहने लगी। शिकारी की पत्नी का स्वभाव बहुत दयालु था। उसे चिड़िया पर दया आई। एक दिन चुपके से उसने चिड़िया को पिंजरे से उड़ा दिया। चिड़िया चहचहाती हुई जंगल में फिर से रहने लगे। | |
| | क ) चिड़िया जब गाना गाती तो उसकी चोंच से क्या गिरते थे?<br>________________________________________<br>________________________________________ | |
| | ख) सुनहरी चिड़िया को शिकारी ने क्यों पकड़ लिया ?<br>________________________________________<br>________________________________________ | |
| | ग) शिकारी की पत्नी का स्वभाव कैसा था ?<br>________________________________________<br>________________________________________ | |
| | घ) चिड़िया को उदास देखकर शिकारी की पत्नी ने क्या किया?<br>________________________________________<br>________________________________________ | |
| | ङ) निम्न शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखें।<br>खुश ________ कड़वे ________ | |